help the House to elect the next Speaker without any delay ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Government has taken note of it, Now, Shri Kachwai.

SHRI SAMAR GUHA : Will the Government give the assurance or the Deputy Speaker ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : You have got up on a point of information and you have raised the point. Professor Ranga has supported you. Now the Minister of Parliamentary Affairs has taken note of it.

SHRI SAMAR GUHA : Sir, is it your responsibility or his ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is the Leader of the House who has to take actian.

SHRI SAMAR GUHA : But it is your responsibility to draw the attention of the Government.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH) : Government are seized of it and will take a decision soon.

———

**14 20 hrs.**

## STATUTORY RESOLUTION RE. INDIAN RAILWAYS (AMENDMENT) ORDINANCE, AND INDIAN RAILWAYS (SECOND AMENDMENT) BILL —*contd.*

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (उज्जेन) : उपाध्यक्ष महोदय, कल इस सदन में इस बात पर चर्चा हुई कि सरकार द्वारा एक आदेश जारी किया गया कि ट्रेन में बिना टिकट चलने वाले व्यक्तियों से आठ आने के बजाय दस रुपये पीनल्टी ली जाये। क्या सरकार ने उन व्यक्तियों के बारे में कुछ विचार किया है ?

उपाध्यक्ष महोदय, जो ये बिना टिकट वाल यात्री हैं उनसे जो पैंसा वसूल करते हैं टी० टी० लोग उनको. नाना प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, सरकार ने इसका विचार नहीं किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जो बिना टिकट चलता है उससे किराया वसूल करने में या दूसरों की जेब से पैसा निकालने में टी० टी० को बहुत बड़ा संकट आता है। कई बार टीटियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। परन्तु मुझे विश्वास है कि सरकार ने और रेलवे बोर्ड ने कभी भी गम्भीरतापूर्वक इस बारे में विचार नहीं किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि कोई व्यक्ति बिना टिकट पकड़ा गया और उसके पास पैसा नहीं है और टी० टी० उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले करता है तो पुलिस यह कहती है टी० टी० से कि पहले आप दो टाइम का खाना दीजिए मुलजिम के लिए तब हम इसको अपने यहां रखेंगे। मैं कहता हूं कि आज कौन सा टी० टी० ऐसा है जो दो टाइम की खुराक अपनी जेब से दे और पुलिस के पास जमा करे और बिना टिकट चलने वाले व्यक्तियों को पकड़े।

उपाध्यक्ष महोदय, दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार लड़ाई होती है उससे ऐसे मौकों पर कई बार लोग मारे जाते हैं। माननीय मंत्री जी ने यह बात जरूर कही है कि हम उन लोगों की मदद करते हैं। वह मदद करते हैं पिटने के बाद, मरने के बाद। मेरा कहना है कि टी० टी० जब पैसा इकट्ठा करता है तो किसी प्रकार का प्रोत्साहन सरकार को देना चाहिए। यदि वह मर जाये तो 20 हजार रुपया उसके परिवार को मदद मिलनी चाहिए। उनकी सुरक्षा के लिए ठीक प्रकार के उपाय होने चाहिए। आज उनके सामने एक सबसे बड़ी कठिनाई है। एक ही रेलवे है, गवर्नमेंट की रेलवे है परन्तु सभी रेलवेज के अन्दर अलग-अलग कानून हैं, अलग-अलग नियम हैं। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जब डा० रामसुभग सिंह जी पालियामेंट के मैम्बर थे तो इन्होंने भी जोर दिया था इनको रनिंग स्टाफ में

[श्री हुकमचन्द कछवाय]

लिया जाय। जब एक सदस्य ने प्रश्न पूछा तो उसके उत्तर में बताया गया कि उनको रनिंग स्टाफ में लेना समर्थ नहीं। मैं मानता हूं इस बात को, लेकिन गाड़ी के अन्दर जो पार्सल बाबू होता है, माल चढ़ाता है, उतारता है, आपने खुद उसे रनिंग स्टाफ में लिया है और इनको नहीं लिया।

उपाध्यक्ष महोदय, इसका कारण क्या है? इसका एक ही मूल कारण है कि जिस समय इस देश में अंग्रेजों का शासन था उस समय खुदी राम बोस एक बहुत बड़े क्रांतिकारी, बहुत बड़े देशभक्त यहां थे जो अंग्रेजों के खिलाफ बगावत में लगे हुए थे। उस समय उस क्रांतिकारी खुदी राम बोस की टीटियों ने एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए सहायता दी। अंग्रेजों ने उसी चिढ़ के कारण कि यह टी० टी० कौम बदमाश कौम है, गद्दार कौम है ऐसा कहकर उन्होंने एक कानून बनाया कि इन्हें रनिंग स्टाफ में न लिया जाए और वह अंग्रेजों का बनाया हुआ कानून आज भी चला आ रहा है।

**14.24 hrs.**

[SHRI R.D. BHANDARE *in the Chair*]

मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि आज यह कहा जा रहा है कि देश में रेलवे के अन्दर टीटियों को हटाकर, उनकी प्रमोशन रोक कर उनके स्थान पर अटेंडेंट से काम लिया जा रहा है। उस अटेंडेंट को यह पावर नहीं है कि वह टिकट बना सके। पिछली बार जब जनरल मैनेजर उज्जेन आये थे तो मैंने उनसे सवाल किया कि आपने यह पद्धति क्यों लागू की है तो उन्होंने उत्तर दिया कि रेलवे घाटे में है और उस घाटे को पूरा करने के लिए हमने यह किया है। आम टी० टी० को हटाकर अटेंडेंटों से काम लेना चाहते हैं? मेरा सुझाव यह है कि टी० टी० काफी अच्छे और पढ़े-लिखे और योग्य हैं। आप जो बड़े-बड़े अफसरों को तीन तीन, चार–चार और पांच-पांच हजार रुपये तनख्वाह देते हैं, उन पर पैसा खराब करते हैं, आप जी० एम० को हटाइये और उनके स्थान पर इन लोगों से काम लीजिए। इसी वेतन पर तो मैं दावे से गारंटी से कह सकता हूं कि वे कुशलता से काम करेंगे। मगर माननीय मंत्री महोदय मानेंगे नहीं।

मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि टी० टी० को कहा जाता है कि आप महीने में 4 हजार रुपया अधिक वसूल करके लाइये। इस प्रकार का दबाव टी० टी० पर डाला जाता है। यदि जब उस टी० टी० को बिना टिकट कोई नहीं मिलता है तो वह चार हजार रुपया कहां से वसूल करेगा। परन्तु उसे वसूल करना है। वह परेशान होता है। जो नहीं करता है, उसका प्रमोशन रुक जाता है। उसके खिलाफ ऐक्शन लिया जाता है कि तुमने महीने भर के अन्दर 4 हजार रु० इकट्ठा करके क्यों नहीं दिया। यह रेलवे कमाऊ पूत हैं और यह लोग रेलवे का गुमा हुआ पैसा निकाल कर देते हैं लेकिन इतना मैं जरूर कहना चाहता हूं कि आज ऐसी परिस्थिति आ गई है कि आज टी० टी० ई० लोगों के अन्दर बड़ी बेचैनी है और उन लोगों के केस पर मंत्री महोदय को सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिये।

आप ने टी० टी० ई० लोगों पर विजिलैंस लगा रक्खा है। जब वह लोग चैकिंग करते हैं। तब उनके ऊपर विजिलैंस के द्वारा चैक करवाते हैं। विजिलैंस के ऊपर आप इतना पैसा खर्च करते हैं और उनका एक-एक वाक्य उपवाक्य होता है, वह टल नहीं सकता है। आप को ऐसे कई केस मिलेंगे जिन में टी० टी० पर झूठे मामले चलाये गये। हालांकि आप उन पर काफी पैसा खर्च कर रहे हैं लेकिन तब भी इस तरह के मामले सामने आते हैं, यह बहुत खराब बात है।

आज टी० टी० ई० लोगों को जो वर्दियों दी जाती हैं वह खाकी होती हैं। उसके सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि इससे टी० टी० ई०

जचता नहीं है। जो सफेद वर्दी दी जाती थी उससे लगता था कि वह टी० टी० ई० है। आप अपने पार्सल बाबू को भी खाकी वर्दी देते हैं, गाड़ी की सफाई करने वाले को भी आप खाकी वर्दी देते हैं। यह ठीक नहीं है। आपको वर्दी के बारे में सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

अन्त में मेरा इतना ही कहना है, और मैं समझता हूँ कि मंत्री महोदय इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे, कि रेलवे के लोगों पर जो मुकदमे चलते हैं उनकी सरकार मुनासिब ढंग से मदद नहीं करती। अगर प्रारम्भ में ही मदद दी जाये तो अच्छा है जिसमें कई मामलों में उनकी सफलता हो सके।

MR. CHAIRMAN : The time allotted for the Bill is 3 hours. The time is already over. But I would like to extend it by 10 to 15 minutes. I will call one Member from the Congress and two Members from the Opposition and then the Minister.

SHRI S. S. KOTHARI (Mandsaur) ; After the Minister, I have a right of reply.

MR. CHAIRMAN : I am aware of that.

Shri Naval Kishore Sharma.

**श्री नवल किशोर शर्मा** (दौसा) : सभापति महोदय, जो विधेयक इस सदन के सामने विचारार्थ प्रस्तुत है उसके ऊपर चर्चा में बहुत सी बातें कही गई हैं। विधेयक बहुत साधारण है। उसके अनुसार किसी भी टिकेटलेस ट्रैवेलर पर कम से कम 10 रु० जुर्माना ही किये जाने का प्रस्ताव है। असल में जिस बारे में बहुत ज्यादा कहा गया है वह यह कि जुर्माना 10 रु० किया जाना चाहिये या 8 आना किया जाना चाहिये या और कम किया जाना चाहिए। मैं इस विधेयक का पूर्णतया समर्थन करना चाहता हूं। मेरी दलील यह है कि यदि कोई सजा देनी है तो सजा इस तरह की होनी चाहिए कि उसका प्रभाव हो ताकि जिस आदमी को सजा दी जाय वह कम से कम आइन्दा ऐसी गलती न करे। 8 आना का जुर्माना कोई सजा नहीं है। स्वभावतया उसका परिणाम यह होता है कि जो व्यक्ति यात्रा करता है वह साधारणतया इस खतरे को मोल लेने में सक्षम रहता है। वह सोचता है कि अगर वह पकड़ा भी जायेगा तो इसको 8 आने देने पड़ेंगे। इसके माने दूसरे शब्दों में यह है कि आप टिकेटलैस ट्रैवेल को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। अगर आप को सजा देनी है तो ऐसी सजा दीजिए कि उसका परिणाम यह हो कि जिन लोगों का बराबर बिना टिकट के चलने का धन्धा है, वह दुबारा इसकी जुर्रत न कर सकें।

यहां इस बारे में बहुत कुछ कहा गया है कि कई दफे यात्रियों को अनायास ही दिक्कत होती है क्योंकि जब वह बिल्कुल टाइम पर आते हैं तब उनको टिकट नहीं मिलता और वे गाड़ी पर सवार हो जाते हैं। इसलिए ऐसे लोगों पर रहम खाई जाय। मेरा निवेदन यह है कि इस देश के नागरिकों को अच्छे नागरिक होना सीखना पड़ेगा। अच्छे नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह टाइम के बारे में सीखे कि डिसिपिलन क्या है और जो लोग इसको नहीं जानते हैं उनको सिखाने की कोशिश करे। मैं खास तौर से कहना चाहता हूँ क्योंकि कुछ लोग अनुशासन की बहुत दुहाई देते हैं कि जिन्दगी के हर पहलू में अनुशासन आना चाहिये। अनुशासन के माने यह है कि समय के मुताबिक काम करने की आदत डाली जाय। इसलिए यह वाजिब है कि लोगों में यह आदत आये। यह कोई अच्छी बात नहीं है कि हम टाइम पर नहीं आवें और चलती हुई गाड़ी में न चढ़ें।

यह प्रश्न इतना अहम नहीं है जिस पर इतना वादविवाद हो। लेकिन प्रश्न दूसरा है।

[श्री नवल किशोर]
हमने इसको राजनीति के कीचड़ का अखाड़ा बना लिया है।

**एक माननीय सदस्य** : मिनिस्टर ने बनाया है।

**श्री नवल किशोर शर्मा** : मिनिस्टर ने बनाया है। मैं निवेदन करता हूं कि बिल में प्रश्न यह नहीं है कि सीटलैंस ट्रैवेलर्स को क्या दिक्कतें हैं। मैं बस बात से सहमत हूं कि उनके लिए सुविधाएँ दी जानी चाहियें, मैं इस बात से भी सहमत हूं कि अधिक गाड़ियां चलाई जानी चाहियें और मैं इस बात से भी सहमत हूं कि टिकट कलैक्टर जो हैं उनको सुविधायें दी जायें। वाकई उनकी जिन्दगी का खतरा रहता है। उनके साथ अनुसार मारपीट होती है। लेकिन इर सब बातों के इलाज के लिए मैं एक एक निवेदन करना चाहता हूं। आप इसको देखिये कि टिकेटलैंस ट्रैवेल किन-किन समयों पर ज्यादा होती है। मेलों के टाइम पर इस तरह की ट्रैवेल ज्यादा होती है, किसी कांफरेंस के टाइम पर ज्यादा होती है। किसी सम्मेलन के टाइम पर या किसी फंगशन के टाइम पर ज्यादा होती है ऐसे मौकों पर जो टिकट कलैक्टर होते हैं, टिकट चैकर होते हैं, वे घबराते हैं। वे भीड़ में जाकर टिकट चैक करने से घबराते हैं। मैं रेल मंत्री को सुझाव देना चाहता हूं कि रेलवे आथोरिटीज़ जानती हैं कि किस समय पर किस एरिया में मेले लगते हैं और जब मेले लगें तब उनको इसकी व्यवस्था करनी चाहिये कि पुलिस टिकट कलैक्टर के साथ हो ताकि भींड़ किसी तरह का उनके साथ झगड़ा न कर सके।

कुछ सैकशंज़ रेलवे के ऐसे हैं खास तौर पर वे लाइनें जहां कि शटल ट्रेंज चलती हैं, वे लाइनें जहां कि सीधी गाड़ियां नहीं चलती हैं, छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच चलने वाली गाड़ियां हैं, वे गाड़ियां अक्सर पूरी की पूरी बगैर टिकट वालों के चलती हैं। यह बात अक्सर देखने आई है। उस अवस्था में टिकट कलैक्टर्ज की दशा, चैंकिंग स्टाफ की दशा वाकई में दयनीय होती है। वे बेचारे बुरी हालत में होते हैं, परेशान हालत में होते हैं और चैंकिग करने से कतराते हैं और इधर-उधर भागते रहते हैं। ऐसी लाइनों पर जहां लोगों की बिना टिकट चलने की आदत बन गई है, यह व्यवस्था की जानी चाहिये कि लोग बिना टिकट सफर न कर सकें। वहां चैकिंग होना चाहिए रेग्युलर तरीके से और तब तक होना चाहिये जब तक कि उन की आदत ठीक न हो जाए।

इन शब्दों के साथ में इस विधेयक का पूर्णतः समर्थन करता हूं। यह विधेयक बहुत जरूरी था। इसके बिना हमारे देश में यह जो एक बुराई है इसको दूर करने में हमें कभी भी सफलता नहीं मिल सकती। इस विधेयक को लाने के लिए मैं मंत्री महोदय को बधाई देता हूं।

**श्री अब्दुल गनी डार** (गुड़गांव) : इतनी सी बात थी जिसे अफसाना कर दिया। कई मुझ से सीनियर, मुझ से कहीं ज्यादा मुहिव्वेवतन, कहीं ज्यादा तजुर्बेकार माननीय सदस्य यहां बैठे हुए हैं। वे हमेशा सरकार पर इलज़ाम लगाते रहे हैं कि इस सरकार के आने के बाद कुरपशन बढ़ी है, मारेल गिरा है। लेकिन जब डा० राम सुभग सिंह जी ने जुर्रत करके यह कदम उठाया है और जिसकी वजह से हो सकता है कि वह देश में जनता में शायद बदनाम भी हों, तो भी उनकी मुखालिफत की जा रही है। उन्होंने किया क्या है? उन्होंने आठ आने से दस रुपये किये हैं। अब यह कहा जा रहा है कि जो गरीब किसान पांच रुपये चावल खरीदने के लिए लेकर आता है वह पांच रुपये जुर्माने में दे जायेगा। यह सब बात जो मुझ से कहीं ज्यादा सीनियर मैम्बर हैं उनकी तरफ से कही जा रही है श्रौर उनकी तरफ से कही जा रही है जो दिल से चाहते हैं कि मुल्क का मारेल उठे। मैं कहूंगा कि उनको चाहिये था कि मुल्क का मारेल ऊंचा करने में डा० राम सुभग सिंह

जी का हौसला बढ़ाते । मैं तो चाहता हूँ कि ऐसा हौसला सब मिनिस्टर करें । मैं बिल्कुल इत्तिफाक करता हूं उस बात से जो आखिरी भाई ने कही है कि ख्वामख्वाह हर बात में पोलिटिक्स देखा जाता है, उसको पोलिटिकल अखाड़ा बनाया जाता है ।

सभापति महोदय, दो आर्डिनेंस जारी हुए हैं । एक डा० साहब ने किया है और एक मेरी बहन इन्दिरा गान्धी जी ने निकाला है । यह बात समझ में आ सकती है कि प्राइम मिनिस्टर ने जो किया है, वह उस हालत में किया है जब कि मुल्क में कोई एमरजेंसी नहीं थी और इस वास्ते वह किया है क्योंकि वह सिंडीकेट को और श्री मोरारजी देसाई को खत्म करना चाहती थीं । आर्डिनेंस की जरूरत नहीं थी । इस काम में हम सब उसके साथ हैं, पार्टी उनके साथ है...

**सभापति महोदय** : जो बिल है उस पर ही आप बोलें ।

**श्री अब्दुल गनी डार** : डा० साहब के बारे में यह कहा गया है कि उन्होंने गरीबों का ध्यान नहीं किया है, उनके दिल से गरीब निकल गये हैं और साथ ही उन्होंने आर्डिनेंस क्यों निकाला । मैं समझता हूं कि देखने वाली बात यह है कि आर्डिनेंस से देश का हित होता है या नहीं । मैं समझता हूं कि होता है और इस वास्ते हम सब को इस मामले में डा० साहब की पूरी-पूरी हिमायत करनी चाहिये ताकि यह जो बिना टिकट यात्रा की बीमारी है यह दूर हो ।

मैं दो-तीन सुझाव देना चाहता हूं । इनके जो अफसर ऐयर कण्डीशन में सफर करते हैं, उन पर पाबन्दी लगाई जानी चाहिए । बहुत जरूरी हो तभी उनको ऐसा करने की इजाजत होनी चाहिए । हम लोग फर्स्ट क्लास में जाते हैं । वे भी फर्स्ट क्लास में जायें ।

जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां गाड़ियों की तादाद तो बढ़ाया जाना चाहिए । हमें आजाद हुए 22 साल हो गए हैं । अब तो हमें कोशिश करनी चाहिए कि लोगों को सहूलियत इसकी मिले ।

टिकटलैस ट्रेवल तो बन्द होना चाहिए । लेकिन उसके साथ-साथ टिकट कलैक्टर जो टिकटें इकट्ठी करते हैं और उनको दूसरी जगह भेज देते है और इस तरह से जाली टिकटें पकड़ी जाती हैं, इसको रोकने का भी उनको प्रबन्ध करना चाहिए । इस तरह की बेईमानी न हो सके, यह उनको देखना चाहिए ।

टिकट कलैक्टर कुछ एक गाड़ियों को ही चैक कर सकते हैं । हिन्दुस्तान की हिस्ट्री बहुत शानदार है, इसकी जो रीति है वह बहुत शानदार है, इसकी असमत बड़ी है लोग खुद समझ जायेंगे कि डा० साहब का मतलब क्या है । लोग समझ जायेंगे कि वे चैकिंग करना चाहते हैं, किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते । इसलिए मेरा सुझाव है कि अभी कुछ देर के लिए आप पुलिस का इंतजाम करादें जोकि घूम सके और जहां जरूरत हो वहां जा सके । पुलिस के पास कुछ ऐसा सामान भी होना चाहिए ताकि कोई दूसरा आदमी ख्वाम ख्वाह हमला न कर सके ।

[ شری عبدالغنی ڈار (گوڑگاوہ) اتنی سی بات تھی جسے افسانہ کر دیا۔ کئی مجھ سے سینئر، مجھ سے کہیں زیادہ محبّ وطن، کہیں زیادہ تجربہ کار مانیہ سدسیہ یہاں بیٹھے ہوئے ہیں وہ ہمیشہ سرکار پر الزام لگاتے رہے ہیں کہ اس سرکار کے آنے کے بعد کرپشن بڑھی ہے، مارل گرا ہے۔ لیکن اب ڈاکٹر رام سبھگ سنگھ جی نے جرأت کر کے یہ قدم اٹھایا ہے اور جس کی وجہ سے ہو سکتا ہے کہ وہ دیش میں جنتا میں شاید بدنام بھی ہوں

تو بھی ان کی مخالفت کی جا رہی ہے۔ انھوں نے کیا کیا ہے۔ انھوں نے آٹھ آنے سے دس روپے کئے ہیں۔ اب یہ کہا جا رہا ہے جو غریب کسان پانچ روپے چاول خریدنے کے لئے لے کر آتا ہے وہ پانچ روپے جرمانے میں دے جائیگا۔ یہ سب بات جو مجھ سے کہیں زیادہ سینئر ممبر ہیں ان کی طرف سے کہی جا رہی ہے اور ان کی طرف سے کہی جا رہی ہے جو دل سے چاہتے ہیں کہ ملک کا مارل اٹھے۔ میں کہوں گا کہ ان کو چاہیئے تھا کہ ملک کا مارل اونچا کرنے میں ڈاکٹر رام سبھگ سنگھ جی کا حوصلہ بڑھاتے میں تو چاہتا ہوں کہ ایسا حوصلہ سب منسٹر کریں میں بالکل اتفاق کرتا ہوں اس بات سے جو آخری بھائی نے کہی ہے کہ خواہ مخواہ ہر بات میں پولیٹکس دیکھا جاتا ہے اس کو پولیٹکل اکھاڑا بنایا جاتا ہے۔

سبھاپتی مہودیہ، دو آرڈیننس جاری ہوئے ہیں۔ ایک ڈاکٹر صاحب نے کیا ہے اور ایک میری بہن اندرا گاندھی جی نے نکالا ہے یہ بات سمجھ میں آسکتی ہے کہ پرائم منسٹر نے جو کیا ہے وہ اُس حالت میں کیا ہے جبکہ ملک میں کوئی ایمرجنسی نہیں تھی اور اس واسطے وہ کیا ہے کیونکہ وہ سنڈیکیٹ کو اور شری مرارجی ڈیسائی کو ختم کرنا چاہتی تھیں۔ آرڈیننس کی ضرورت نہیں تھی اس کام میں ہم سب ان کے ساتھ ہیں، پارٹی ان کے ساتھ ہے۔

सभापति महोदय, जो बिल है उस पर ही आप बोले ।

شری عبدالغنی ڈار۔ ڈاکٹر صاحب کے بارے میں یہ کہا گیا ہے کہ انھوں نے غریبوں کا دھیان نہیں کیا ہے، اُن کے دل سے غریب نکل گئے ہیں ساتھ ہی انھوں نے غریبوں کا دھیان نہیں کیا ہے یہ اُن کے دل سے غریب نکل گئے ہیں۔ ساتھ ہی انھوں نے آرڈیننس کیوں نکالا۔ میں سمجھتا ہوں دیکھنے والی بات یہ ہے کہ آرڈیننس سے دیش کا ہت ہوتا ہے یا نہیں۔ میں سمجھتا ہوں کہ ہوتا ہے۔ اور اس واسطے ہم سب کو اس معاملے میں ڈاکٹر صاحب کی پوری پوری حمایت کرنی چاہیئے تاکہ جو بنا ٹکٹ یاترا کی بیماری ہے دور ہو۔ میں دو تین سجھاؤ دینا چاہتا ہوں۔ ان کے جو افسر ایرکنڈیشن میں سفر کرتے ہیں اُن پر پابندی لگائی جانی چاہیئے بہت ضروری ہو تبھی اُن کو ایسا کرنے کی اجازت ہونی چاہیئے۔ ہم لوگ فرسٹ کلاس میں جاتے ہیں۔ وہ بھی فرسٹ کلاس میں جائیں۔

جہاں زیادہ بھیڑ ہوتی ہے وہاں گاڑیوں کی تعداد کو بڑھایا جانا چاہیئے۔ ہمیں آزاد ہوئے بائیس سال ہو گئے ہیں اب تو ہمیں کوشش کرنی چاہیئے کہ لوگوں کو سہولیت اس کی ملے۔ ٹکٹ لس ٹریول تو بند ہونا چاہیئے۔ لیکن اس کے ساتھ ساتھ ٹکٹ چیکر جو ٹکٹیں اکٹھی کرتے

ہیں اور ان کو دوسری جگہ بھیج دیتے ہیں اور اس طرح سے جالی ٹکیٹس پکڑی جاتی ہیں۔ اس کو روکنے کا بھی ان کو پربندھ کرنا چاہیئے اس طرح کی بے ایمانی نہ ہو سکے۔ یہ ان کو دیکھنا چاہیئے۔

ٹکٹ کلکٹر کچھ ایک گاڑیوں کو ہی چیک کر سکتے ہیں۔ ہندوستان کی ہسٹری بہت شاندار ہے اس کی جو ریتی ہے وہ بہت شاندار رہی ہے اس کی عصمت بڑی ہے۔ لوگ خود سمجھ جائیں گے کہ ڈاکٹر صاحب کا مطلب کیا ہے۔ لوگ سمجھ جائیں گے کہ وہ چیکنگ کرنا چاہتے ہیں۔ کسی پر ظلم نہیں کرنا چاہیئے۔ اس لئے میرا سجھاؤ ہے کہ ابھی کچھ دیر کے لئے آپ پولیس کا انتظام کرا دیں جو کہ گھوم سکے۔ جہاں ضرورت ہو وہاں جا سکے۔ پولیس کے پاس کچھ ایسا سامان بھی ہونا چاہیئے تاکہ کوئی دوسرا آدمی خواہ مخواہ حملہ نہ کر سکے۔]

**श्री लखन लाल कपूर** (किशनगंज) : सभापति महोदय, इस बिल का उद्देश्य यह बताया गया कि बिना टिकट यात्रा को रोका जाए और रेलों की आमदनी बढ़ाई जाए। जुर्माने की राशि दस रुपये तक बढ़ाये जाने का जिन सदस्यों ने विरोध किया है मैं उनके साथ सहमत हूं। बिना टिकट यात्रा को रोकने और आमदनी बढ़ाने का जो आपका उद्देश्य है उसकी पूर्ति तभी हो सकती है जबकि आप अधिक से अधिक गाड़ियां देने का प्रबन्ध करें। इसके साथ साथ जो टिकट काउंटर हैं बड़े शहरों में, टाउंज़ में वे भी अधिक खुलने चाहियें, बुकिंग आफिस अधिक खुलने चाहियें। स्टेशनों पर भी बुकिंग आफिस ज्यादा खुलने चाहियें और लोगों को सुविधा होनी चाहिये कि वे पांच दस मिनट पहले भी आयें तो उनको आसानी से टिकट मिल सके।

देहाती यात्रियों के सामने बहुत दिक्कतें आती हैं। उनको दो चार स्टेशन के बाद वाले स्टेशन पर ही जाना होता है। उनके वास्ते गाड़ियां अधिक नहीं होती हैं। दिन भर में एक दो गाड़ियां ही उनके लिए होती हैं। वे इन गाड़ियों को छोड़ नहीं सकते हैं। अगर छोड़ देते हैं तो उनका काम बिगड़ जाता है। किसी को कचहरी जाना होता है और किसी को बाजार जाना होता है। वे मुसीबत में होते हैं, उनको किसी न किसी तरह से गाड़ी पकड़नी ही होती है। इस वास्ते उनको गाड़ियों की सुविधा प्रदान करने के लिए आपको कुछ करना चाहिये। खास कर ब्रांच लाइनों में गाड़ियां बढ़ाई जानी चाहिये और बुकिंग आफिस अधिक खोले जाने चाहिये।

टिकट कलैक्टर्ज़ के साथ भी बहुत ज्यादती होती है। उनकी सेफ्टी का कोई इंतज़ाम नहीं होता है। यह भी ठीक है कि अधिकतर गाड़ियां बिना टिकट कलैक्टर्ज़ के ही चलती हैं। अगर कोई टिकट का पैसा देना भी चाहता है तो वह दे नहीं पाता है। मैं चाहता हूं कि स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए।

टिकट एग्जैमिनर्ज़ को इसैंटिव देने की बात भी आपको सोचनी चाहिये। आज उनको कोई इसैंटिव नहीं है। ड्राइवर को आप हर सौ किलोमिटर्ज़ पर 5 रुपये 40 पैसे देते हैं, फायरमैन को 3 रुपये 20 पैसे देते हैं, गार्ड को 3 रुपये 80 पैसे देते है, ब्रेक्समैन को 2 येपरु

30 पैसे देते हैं। उसी तरह से एक छोर से दूसरे छोर तक चलने वाले, शीत् ताप, बरसात में ट्रेन में चलने वाला यह जो स्टाफ है, जो टिकट एग्जैमिनर्ज़ हैं उनको भी इस तरह का इसैंटिव मिलना चाहिये। वे अपनी जान को जोखिम में डाल कर अपने कर्त्तव्य को निभाते हैं। उनके साथ इस तरह का बरताव नहीं होना चाहिये। वर्तमान रेल मंत्री ने इसके बारे में उनको आश्वासन भी एक प्रकार से दे रखा है जिसकी उनको पूर्ति करनी चाहिये। कछवाय जी ने बताया है कि जब हमारे जगजीवन राम जी रेल मंत्री थे तब वर्तमान रेल मंत्री ने चैंकिग स्टाफ की तरफ से डैपुटेशन ले कर उनके साथ मुलाकात की थी और बहस की थी कि इनको रनिंग स्टाफ में शामिल किया जाए। अब वह स्वयं रेल मंत्री हैं। उनको अपनी इस बात को पूरा करना चाहिये। यह उनका नैतिक कर्त्तव्य है। जो सहुलियतें फायरमैन, ड्राइवर, गार्ड, ब्रेक्समैन को दी जाती हैं, उनसे इनको वंचित रखना, इनके साथ अन्याय करना है।

जहां तक चैकिंग का सवाल है, इस में कुछ त्रुटियां हैं, जिन को दूर किया जाना चाहिये। मान लो मुगलसराय से कलकत्ता गाड़ी आनी है, तो रास्ते में तीन चार दफा चैकिंग स्टाफ बदल जाता है। दानापुर, भाभा, बरद्वान आदि में जा कर वह बदल जाता है। पहले स्टाफ ने दो तीन डिब्बे चैक कर लिये होते हैं और जो नया स्टाफ आता है उसको यह पता नहीं होता कि उसने कौन से डिब्बे चैक किये हैं और कौन से बाकी हैं। पूरे डिब्बे भी चैक नहीं हो पाते हैं अगर वह किसी डिब्बे में चैकिंग के लिए जाता है और उसको दो चार आदमी बिना टिकट यात्रा करते हुए मिल जाते हैं और वे उसकी इंसल्ट करते हैं तो उसकी सेफ्टी का कोई प्रबन्ध नहीं है। जिस गाड़ी में कारीडोर नहीं होते हैं उसमें तो एक छोर से दूसरे छोर तक आया जाया जा सकता है। लेकिन दूसरी गाड़ियों में नहीं। राजधानी एक्सप्रेस जैसी गाड़ियों में तो आ जा सकते हैं और वहां उनको मदद मिल सकती है, लेकिन बिना इस तरह के कारीडोर की गाड़ियों में उनको नहीं मिल सकती है। इससे चैकिंग में भी सहूलियत हो सकती है। इसके साथ ही साथ चैकिंग स्टाफ़ को भी बढ़ाना पड़ेगा। बिना टिकट यात्रा रोकने के लिए इस बात की भी आवश्यकता है कि अधिक गाड़ियां चलाई जायें, ज्यादा बुकिंग आफिस खोले जायें और स्टाफ़ को इनसेन्टिव देने के लिए उन को रनिंग स्टाफ़ में शामिल किया जाये और उन्हें रनिंग स्टाफ़ की सब सहूलियतें दी जायें। उन लोगों की तरफ़ से 1957 से यह मांग की जा रही है। वे लोग इस बारे में अपना मेमोरेंडम देते हैं और उन्हें एशोरेंस दिया जाता है कि रेलवे बोर्ड उनकी मांगों को एग्ज़ामिन कर रहा है। इसके बावजूद उनकी डिमांड्ज़ को पूरा नहीं किया जा रहा है। मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय की यह नैतिक ज़िम्मेदारी है कि उन की इस लांग-स्टैंडिंग डिमांड को पूरा किया जाये। अगर उसको पूरा नहीं किया जाता है, तो यह उन लोगों के साथ अन्याय होगा।

THE MINISTER OF RAILWAYS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : The Indian Railways (Second Amendment) Bill...

**श्री हुकम चन्द कछवाय**: काफ़ी माननीय सदस्य हिन्दी में बोले हैं। इस लिए मंत्री महोदय भी हिन्दी में बोलें।

SHRI RAJARAM (Salem) : Does my hon. friend want the speech in Hindi ? Accidents are taking place due to the languages.

**डा० राम सुभग सिंह** : यह विधेयक इस

[डा० राम सुभग सिंह]

लिए प्रस्तुत किया गया है कि जो लोग बिना टिकट यात्रा करते हैं, उनकी रोक-थाम की जाये। आंकड़ों के अनुसार मार्च, 1968 से फ़रवरी, 1969 तक चैकिंग में 1,10 लाख मुसाफ़िर पाये गये। कल माननीय सदस्य, श्री जाधव, ने बताया कि बिहार में किसी एक ट्रेन के एक डिब्बे में साठ प्रतिशत ऐसे मुसाफ़िर थे, जिन के पास टिकट नहीं था। श्री तिवारी कहते हैं कि श्री जाधव की बात ग़लत है। अगर वह बात गलत हो, तो मुझे बड़ा संतोष होगा।

अन्य रेलों का भी यही हाल है। सैंट्रल रेलवे में केवल जनवरी, 1969 में 1,67 हजार लोग बिना टिकट पकड़े गये। इसी तरह से वेस्ट्रन रेलवे में 1,14 हजार लोग बिना टिकट के पकड़े गये। मैं यह आंकड़े इसलिए दे रहा हूं कि इस सदन को यह मालूम हो कि केवल बिहार में ही नहीं, अन्य जगहों में भी यही बिमारी है। अभी श्री शर्मा और श्री अब्दुल ग़नी डार ने जो बातें कहीं, मैं उन को अक्षरशः मानता हूं। यह समस्या तब तक हल नहीं होगी, जब तक कि ज्यादा से ज्यादा गाड़ियों का प्रबन्ध न किया जाये। इस समय पैसेंजर गाड़ियों की तादाद 5300 है, जिन पर प्रति-दिन 61,00,000 यात्री चलते हैं। बिना टिकट यात्रा की ज्यादा रोक-थाम करने के उद्देश्य से 29 नई गाड़ियां चलाई गई और 24 गाड़ियों में और डिब्बे लगाये गये। इसी तरह 5614 गाड़ी किलोमीटर प्रति-दिन बढ़ा दी गई। 1968-69 में 57 सबर्बन ट्रेन्ज़ चालू की गई। इस साल 1 अप्रैल से अब तक 67 नई गाड़ियां चलाई गई हैं, ताकि भीड़ के कारण जो दिक्कतें होती हैं, उनका समाधान किया जाये।

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : A drop in the ocean.

DR. RAM SUBHAG SINGH : There is ocean and there is drop also. Both will have co-exist. He should at least understand this simple philosophy.

माननीय सदस्या, श्रीमती इला पालचौधरी, ने कहा है कि मेलों और सभा सोसायटियों के सम्मेलनों के अवसर पर स्पेशल ट्रेन्ज़ चलाई जानी चाहिए। पिछले साल ऐसे अवसरों पर 1722 गाड़ियां चलाई गई थीं और गाड़ियों में ज्यादा डिब्बे लगाये गये थे। इस साल भी अप्रैल से अब तक 500 स्पेशल ट्रेन्ज़ विभिन्न अवसरों पर चलाई गई।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : खास तौर पर कांग्रेस के अधिवेशन के अवसर पर।

**डा० राम सुभग सिंह** : कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन के अवसर पर भी।

**श्री रामावतार शास्त्री** : कभी नहीं।

**डा० राम सुभग सिंह** : तब माननीय सदस्य को कुछ पता ही नहीं है।

श्री शर्मा और श्री डार ने सुझाव दिया है कि चैकिंग की ज्यादा अच्छी तरह से व्यवस्था होनी चाहिये। मैं उनके सुझाव को मानता हूं और इस बारे में कार्यवाही की भी गई है।

माननीय सदस्य, श्री बिस्वास, ने कहा कि जब से यह आर्डिनेंस लागू हुआ है, उस के बाद टी०टी०ईज़० पर एटैक होने शुरु हो गये हैं। उन की यह धारणा ग़लत है। उस से पहले भी अनेक अवसरों पर रेलवे कर्मचारियों पर घातक प्रहार किये गये हैं और उन लोगों की जानें भी गई हैं। अभी हाल में ही हापुड़ में टी० टी० ई०, ए० एस० एम० और गार्ड पर जो आक्रमण किया गया था और वहां पर रेलवे

मंत्रालय की ओर से जो जागरूकता दिखाई गई थी, उस से किसी को भी सहज ही यह अनुमान लगाने का मौका मिल सकता है कि रेलवे मंत्रालय किस ढंग से कार्य कर रहा है। मैं मानता हूं कि आसाम, बिहार, बंगाल आदि बहुत सी जगहों में अव्यवस्था है और गाड़ियां लेट चलती हैं।

SHRI B. M. BISWAS (Bankaura) : I believe the Minister could not follow what I said. I said that ticket checking staff are being hammered. He said that after the promulgation of this Ordinance there has been no such case. I gave an instance...

DR. RAM SUBHAG SINGH : You do not have the capacity to understand. You cannot speak in this fashion. I do not have to go through his speech.

SHRI J. M. BISWAS : No, I said...

DR. RAM SUBHAG SINGH : Sit down. I am not yielding. I am in possession of the House now.

SHRI JYOTIRMOY BASU : You must sit down.

MR. CHAIRMAM : Shri Biswas will please sit down.

SHRI JYOTIRMOY BASU : He must sit down.

DR. RAM SUBHAG SINGH : Yesterday he said that after the promulgation of the Ordinance, attacks had started.

DR. JYOTIRMOY BASU : You must give an assurance that he will withdraw his remark. He is talking through his hat.

SHRI RAM SUBHAG SINGH : I will hammer anybody...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : All of you must sit down.

SHRI J. M. BISWAS : Who is this man of this Syndicate to order me to sit down ? I am prepared to obey your order. But he cannot tell me to sit down.

MR. CHAIRMAN : Unless the Minister yields, he cannot get up and speak. When he yields, the hon. member has every right to get up and ask a question.

SHRI JYOTIRMOY BASU : How can he say that he should sit down?...(*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN : Instead of saying 'I am not yielding' he used that word. Do not take any offence at it... (*Interruptions*).

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : I suggest that he should be named and turned out. He is obstructing the proceedings of the House.

SHRI JYOTIRMOY BASU : Mr. Chairman, I am not personally involved in this case. But as a Member of this House, we must know what the rules are. Can a Minister ask an hon. Member to shut up and sit down ? Was he right or not saying so?

MR. CHAIRMAN : I said that he was not right. The proper form would have been : I am not conceding...(*Interruptions*).

DR. RAM SUBHAG SINGH : We ran five hundred special trains to clear the traffic during the preceding three months. Mr. Imam referred to the sleeper coaches. For the convenience of the travelling public more than 1300 third class sleeper coaches are being run at present. It is proposed to introduce about 700 more such coaches during the Fourth Plan. With these coaches, accommodation will be available in all the trains involving full night journey. During the current year we propose to add 158 broad-gauge and 50 metre gauge sleeper coaches on our long distance trains. During the year 1970-71 we propose to provide 100 broad-gauge and 100 metre-sleeper coaches on the trains.

Shri Randhir Singhji pointed out the difficulties of reservation. I am sorry that

his son was inconvenienced. We shall issue special instructions—I am familiar with all the places where difficulties are experienced—that proper precautions should be exercised in all the centres wherefrom reservations are made.

Mr. Kamalnath Tiwari mentioned about some difficulties.

**श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** (इटावा) : आप हिन्दी में बोलते बोलते फिर अंग्रेजी में बोलने लगे।

**डा० राम सुभग सिंह** : श्री द्वारकानाथ तिवारी और कमलनाथ तिवारी जी ने बताया कि वहां पर बहुत ज्यादा डिफिकल्टी हो रही है। यह बात ठीक है वहां पर दिक्कत हो रही है और इसी से गाड़ियों की तादाद जो मैंने पहले बतायी उससे कुछ और ज्यादा गाड़ियां हम लोग अब बढ़ाने जा रहे हैं। एक गाड़ी जो अमृतसर से बम्बई जाती है उसको देहली और इटारसी के बीच फर्स्ट अक्तूबर से डीजल इंजिन द्वारा परिचालित किया जायेगा और देहली से भोपाल तक तीन डिब्बे उसमें और लगेंगे। इसी तरह से डीजल से और गाड़ियां भी चालू कर रहे हैं। अभी डीजेल से आसाम मेल, चालू की गई लखनऊ मेल चालू की गई। उन पर भी दो दो डिब्बे बढ़ाए गए।

नार्थ ईस्टर्न रेलवे में लखनऊ से कटिहार तक—लखन लाल जी कपूर को संतोष होगा—एक नई गाड़ी फास्ट एक्सप्रेस पहली अक्तूबर से देने का इरादा है ...(**व्यवधान**)...अब टाइम तय किया जायेगा मगर पहली अक्तूबर से चालू किया जायेगा...(**व्यवधान**) ...नई दिल्ली से जो वातानुकूल एक्सप्रेस गाड़ी वाया मिर्जापुर चलती है उसको इलाहाबाद से बनारस होकर मोगलसराय तक ले जाने का विचार है पहली तारीख से ...(**व्यवधान**) ...

**श्री शिवचन्द्र झा** (मधुबनी) : दरभंगा या समस्तीपुर से जयनगर की नई गाड़ी अक्तूबर से चलेगी या नहीं ?

**डा० राम सुभग सिंह** : उसका बाद में सोचेंगे।

कमल नाथ तिवारी जी ने और दूसरे मित्रों ने भी बताया कि किसानों को चलने में या मजदूरों को चलने में दिक्कत होगी। इसके लिए यह व्यवस्था की जाएगी कि गार्ड का सर्टिफिकेट चालू रहे। कहीं अगर जेनुइन मुसाफिर को दिक्कत हुई टिकट खरीदने में तो उसको सर्टिफिकेट मिलने में कोई दिक्कत नहीं होगी ··· (**व्यवधान**)...

SHRI B. K. DASCHOWDHURY (Cooch-Behar) : How many certificates can be issued in the course of two minutes of stoppage ?

**डा० राम सुभग सिंह** : जहां बाजार है वहां बाजार से जाने वाले जो लोग खरीद फरोख्त के लिए जाते हैं उनको टिकट खरीदने में अगर कहीं कोई दिक्कत होती है तो उस दिक्कत को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था कर दी जाएगी कि बाजार जाने वाले लोगों को रिटर्न टिकट खरीदने की सुविधा मिले। जो जहां चाहेगा खरीद लेगा।

**श्री क० ना० तिवारी** (बेतिया) : एक रिक्वेस्ट हम करना चाहते हैं कि छात्रों को सीजन टिकट दिया जाय। जितने स्कूल हैं छोटे बड़े उनमें जो छात्र जहां से आते जाते हैं उनको सीजन टिकट दिया जाय।

**डा० राम सुभग सिंह** : ठीक है। ऐसी व्यवस्था थोड़ी है भी कि जहां-जहां स्कूल और कोलेजेज़ हैं वहां पर सीज़नल टिकट इश्यू किये जाते हैं और साधारण सीजन टिकट का भाग है 12-21 सिंगिल जर्नी फेयर्स इन नान-सबर्बन फेयर्स और 10-12 सिंगिल जर्नी फेयर्स इन सबर्बन फेयर्स—इस प्रकार छात्रों के लिए जो वाजिब सुविधाएं हैं वह सुविधाएं अवश्य प्रदान की जाएंगी।

**श्री रणधीर सिंह** : सर, मेरा एक प्वाइंट है।...(व्यवधान)

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मेरा भी एक प्वाइंट है...(व्यवधान)...

**15.00 hrs.**

**डा० राम सुभग सिंह** : स्कूल और कालिजों में जब परीक्षायें होती हैं, उस समय के लिए कुछ स्पेशल सुविधाओं का इन्तजाम किया जायेगा ताकि उनको कोई दिक्कत न हो।

**श्री रामावतार शर्मा** (ग्वालियर) : बम्बई सेन्ट्रल रेलवे पर आपने कोई ध्यान नहीं दिया। बम्बई की सेन्ट्रल रेलवे के बारे में कुछ बताइये।

**डा० रामसुभग सिंह** : सबर्बन रेलवे का वहीं इंतजाम है, उसको वहाँ बढ़ायेंगे।

**श्री मीठा लाल मीना** (सवाई माधोपुर) : दिल्ली—बम्बई वेस्टर्न रेलवे पर एक नई गाड़ी अक्तूबर से चला रहे हैं।

**डा० राम सुभग सिंह** : हर रेल के बारे में ध्यान रहेगा, निश्चित रहें।

श्री कमलनाथ तिवारी ने बुकिंग विण्डो के लिए कहा। प्रत्येक बुकिंग बिन्डो को एक घण्टा पहले खोलने का आदेश है। अगर कहीं नहीं खुलती होगी तो उस पर रोक-थाम लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त यह भी देखूंगा कि जहां जरूरत होगी, वहां ज्यादा बुकिंग विन्डोज रहें और यदि एक घन्टा का समय पर्याप्त न रहे तो उसे बढ़ाने की बात भी की जायगी।

श्री सूरजभान जी ने कहा कि डी० टी० यू० बस में ज्यादा सुरक्षा है जबकि रेल में सुरक्षा कम है। यदि आप आँकड़े देखें तो आपकी यह धारणा गलत सिद्ध हो जायगी। मै इस समय इसकी डिटेल में नही जाना चाहता, 4 बजे वाली डिबेट में जाऊंगा।

जहां तक रेल कर्मचारियों की सुरक्षा का प्रश्न है—प्रत्येक रेल कर्मचारी के साथ पुलिस या आर० पी० एफ० परसोनल चलें—यह सम्भव नहीं है। लेकिन अगर कोई मेला हो या कोई स्पेशल सम्मेलन वगैरह हो तो उसमें व्यवस्था कर दी जायगी।

श्री द्वारिका नाथ तिवारी जी ने पहलेजा घाट और महेन्द्रू के बारे में कहा था। इसमें रेलवे को कोई एतराज नहीं है, लेकिन एतराज राज्य सरकार की तरफ से है क्योंकि वहां उनका ठेका है और वह उस बात के लिये कान्ट्रेक्ट कर चुके हैं कि पहलेजा घाट से महेन्द्रू के लिये रेलवे के स्टीमर पर कोई टिकट ईशू नहीं होगा, सिर्फ थ्रू पैसेन्जर को ही उस पर चलने की इजाजत होगी। इसलिए अगर आप राज्य सरकार से बात करके कोई हल निकालेंगे तो उसमें हमारी मदद होगी।

श्री बी० पी० मंडल जी ने सुरक्षा और पानी की दिक्कत के बारे में चर्चा की—वेटिंग रूम्ज में, इसकी रोकथाम की जाएगी।

श्री तुलशीदास जाधव जी ने पण्ढरपुर के बारे में कहा। पहले की डिबेट में मैं बता चुका हूं कि कुछ इन्तजाम वहां किया जायेगा। लेकिन वहां का मेला सीजनल मेला है, साल में चार बार लगता है, इसलिए चार बार के मेले के लिए जितनी भी बाजिब सुविधा होगी, वह कराई जायगी, लेकिन चूंकि वह मेला साल भर नहीं रहता है, इसलिए कुछ कठिनाई हम लोगों के सामने है।

काटवा के बारे में मोहम्मद इस्माइल साहब ने कहा था कि वहां तीन वैगन आम में से एक वैगन आम की बरबादी हुई। मैं इसका पता लगाऊंगा और जो दोषी होंगे उनके बारे में उचित कार्यवाई की जाएगी।

श्री सोनवाने जी यहां इस समय नहीं हैं, लेकिन उनकी बात के बारे में मैं पहले बता चुका हूं और उसकी मान लूंगा।

**श्री** जार्ज फरनेन्डीज ने सीटलेस ट्रेवल की बात कही—यह मुनासिब बात है । लेकिन यदि इसको एक दूसरी दृष्टि से देखा जाय तो यह नामुनासिब भी है । जो टिकट लेता है, उसे सीट मिलने का अधिकार जरूर है, मगर ।...

**श्री रामावतार शास्त्री** : मगर ऐसा नहीं होता है।

**डा० रामसुभग सिंह** : नहीं होता है, इसी लिए तो कह रहा हूं । आप कितनी चीजें चाहते हैं, हर बार दखल मत दीजिए ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : आप कुछ नहीं देते हैं ।

**डा० राम सुभग सिंह** : मद्रास से बृन्दावन-बैंगलोर के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है कि जो थर्ड क्लास के स्लीपर में टिकट लेता है, उसे एक सीट मिलती है । परन्तु यदि आप तृतीय श्रेणी के यात्रियों की दिक्कतों में सही मायनों में जांये तो यह कोई भी नहीं जानता कि किस दिन हमें चलना चाहिए, जिस दिन की टिकट हमें मिल ही जाए । इस समय हसारे यहां जो हालत है उसके अनुसार यदि कोई 6 मील, 10 मील या 20 मील से रेलवे स्टेशन पर आये और यदि उसको जगह न होने के कारण इन्कार कर दें तो उसको एक बहुत बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है । फिर भी व्यवहारिक रूप से इस समस्या को हल करने की ओर हम आगे बढ़ेंगे ।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण)** : एक ही दर्जा कर दीजिए ।

**डा० राम सुभग सिंह** : मुझको एक दर्जे में पूरा विश्वास है, लेकिन एक दर्जा यहां पालिया-मेंट में भी करते, मैदान में पालियामेंट हो, तो मैं उसका स्वागत करूंगा, लेकिन यह हमारे हाथ की बात नहीं है । आप प्रस्ताव लाइये, हमारा वोट आपके हाथ रहेगा ।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : मैंने तो एक बिल पेश किया है, शुक्रवार को आयेगा, आप उसको स्वीकार कर लीजिये ।

**डा० राम सुभग सिंह** : अगर रेल के बारे में रहता तो मैं स्वीकार करने की कोशिश करता। जहां तक एग्रर कन्डीशन और सैलून में चलने की बात कही गई है—वह भी ऐसी बात है जो काफी कम हो गई है । लेकिन अब एग्रर-कन्डी-शन एक आम बात हो गई है, जिनके पास पैसा है, वह चलते हैं और एअर कन्डीशन में यात्रा करने का जिनका अधिकार है, वह भी जाते हैं ।

**श्री अब्दुलगनी डार** : रेलवे अफसरों को एअर कन्डीशन में जाने की इजाजत है, हम से इस अधिकार को छीन लिया गया है और उन को दिया गया है ।

[شری عبدالغنی ڈار- ریلوے کے افسروں کو ایرکنڈیشن میں جانے کی اجازت ہے ہم سے اس ادھیکار کو چھین لیا گیا ہے اور ان کو دیا گیا ہے ۔

**डा० राम सुभग सिंह** : आपकी सारी बात मैंने मान ली हैं—गाड़ियां अधिक चलाने की बात मान ली, मेला-सम्मेलन की बात मान ली, टी० टी०ई० साथ पुलिस की चलने के बारे में—जहां दिक्कत होगी, मेला वगैरह होगा, उसको भी मान लिया है । लेकिन जैसे अभी आन्ध्र प्रदेश में साइक्लोन आया, रेल लाइनें बह गई—हमारे इन्जीनियर ने वहां पहुंच कर जिस तत्प-रता से काम कराया । अगर कही बदअमली फैले, लाइनें उखाड़ दी गई तो वहां रह कर तत्परता से उसको काम कराना पड़ता है—इस को देखते हुए उसकी सुविधा की ओर कुछ न कुछ ध्यान देना पड़ेगा । पोखरन-जैसलमेर लाइन बनानी थी, वहां उसको स्वयं जाना ही पड़ेगा—इन सारी चीजों को देखते हुए, एक व्यवहारिक दृष्टिकोण इसके बारे में अपनाया गया है ।

अहिरवार जी के इलाके की जो दिक्कतें हैं,

[डा० राम सुभग सिंह]

उसकी मैं जांच कराऊँगा।

जहां तक टी. टी. ई. को बढ़ाने की बात कही गई है, इसको मैं देखूंगा। चाहे छोटी लाइन की गाड़ी हो या बड़ी लाइन की हो, अगर कोई कठिनाई है और तादाद बढाने की जरूरत है तो वहां बढ़ाया जायगा। जहां तक उनकी सहूलियतों का सम्बन्ध है, अगर उनको कोई असुविधा है, सहूलियत मिलने में कठिनाई है, उनकी कठिनाइयों पर मैं विचार करूंगा।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : उनकी मांगों को मानने में क्या कठिनाई है, आप स्वयं उनके लिए लड़े हैं।

**डा० राम सुभग सिंह** : जो बात वाजिब है, उसके लिए मैंने बता दिया है।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : लेकिन मन्त्री बनने के बाद अब आप मना कर रहे हैं।

**डा० राम सुभग सिंह** : उनकी जो भी वाजिब सुविधाएं हैं उनको उपलब्ध कराने की व्यवस्था करूंगा।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : लेकिन उस समय आप लड़े थे तो वाजिब समझ कर ही लड़े थे।

**डा० राम सुभग सिंह** : इन शब्दों के साथ मैं इस बिल को स्वीकार करने के लिए हाउस से निवेदन करता हूं और हाउस से यह भी अनुरोध करता हूं कि श्री कोठारी का जो प्रस्ताव है, उसको रद्द किया जाय।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : सभापति जी, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

**सभापति महोदय** : मैं संरक्षण देना चाहता हूं, लेकिन आप बैठिए। इस बिल का स्कोप बहुत कम था, लेकिन फिर भी आप लोगों ने दुनिया भर की बातें इस पर कह दी हैं। इसलिए अब इस पर सवाल वगैरह नहीं होना चाहिए—...

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं सवाल नहीं कर रहा हूं, आप मेरी प्रार्थना सुन लीजिए। मैंने अपने भाषण में दो-तीन बातें कही थी, वर्दी के बारे में...(**व्यवधान**)...रनिंग स्टाफ के बारे में डाक्टर साहब ने कुछ नहीं कहा है।

**सभापति महोदय** : आप बैठिए। प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं। अगर बजट का टाइम होता तो जरूर इजाजत दी जाती लेकिन बिल के ऊपर आप प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं।......(**व्यवधान**)......

**श्री मोलहू प्रसाद** (बांसगांव) : जो बिल पेश हुआ है, उसके सम्बन्ध में जानना चाहता हूं...

**सभापति महोदय** : जानने की कोशिश मत कीजिए, कृपा करके बैठिए।

**श्री मोलहू प्रसाद** : एक घण्टा पहले टिकट-घर खुलना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता है।...(**व्यवधान**)...

**सभापति महोदय** : आप पहले बैठिए। I want everyone of you to hear this. When there is a measure or Bill before the House and general discussion is over, clause by clause consideration is taken up, then every member has a right to raise any point which is relevant to that clause. But they cannot go on asking questions after the general discussion is over. There is a method, a way, a procedure for raising questions. They cannot ask questions of the Minister after he has replied to the general debate.

SHRI DHIRESWAR KALITA (Gauhati) : The difficulty is that our hon. Minister always agrees to whatever we suggest in the House. But when he goes out he forgets it.

**श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी** (मंदसौर) : सभापति महोदय, माननीय मंत्री महोदय के उत्तर को मैंने ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने जो उत्तर दिया उसमें उन्होंने कई बातें मानीं। सभी बातें तो नहीं मानीं लेकिन माननीय सदस्यों

की ओर से जो सुझाव दिए गए थे उनमें से कई उन्होंने माने । लेकिन एक बात का संतोषजनक उत्तर बिल्कुल नहीं मिला और वह यह है कि अध्यादेश क्यों जारी किया गया । उन्होंने पहले इसके बारे में जो स्टेटमेंट प्रसारित किया था उससे भी पूरा संतोष नहीं होता । मैंने यह प्वाइन्ट पहले भी सदन के सामने रखा था और दोबारा फिर रखना चाहता हूं कि सरकार को तभी अध्यादेश जारी करना चाहिए जबकि वह अत्यन्त आवश्यक हो । कांस्टीट्यूशन के आर्टिकिल 123 और 122 में जो लिखा हुआ है उस की जो भावना है उसको भी मानना चाहिए, उसका आदर करना चाहिए ।

दूसरी बात जिस पर मैं जोर देना चाहता हूं वह यह है कि इतनी बातें मानने के बाद भी जो बुनियादी बात है उसको उन्होंने नहीं माना है । जुरमाना जोकि 50 पैसे से 20 रुपए बढ़ाया जा रहा है, यदि इसको आंकड़ों में कहें तो इसको करीब दो हजार प्रतिशत बढ़ाया जा रहा है, मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि इसको वे केवल दो रुपए तक ही बढ़ायें और मैक्सिमम पेनालटी को 500 रुपए के बदले 100 रुपए ही करें । यह मेरा सुझाव है जिस पर मंत्री महोदय विचार कर सकते हैं । अभी समय है, संशोधन आयेंगे और उनको इसे मान लेना चाहिए ।

मन्त्री महोदय ने कहा कि बुकिंग खिड़की की क्षमता बढ़ाई जायेगी । मैं इस बात का स्वागत करता हूं । बुकिंग खिड़कियों को बढ़ाया जाये और ट्रेन आने से पर्याप्त समय पूर्व ही यदि टिकट बांटे जायें तो जो वास्तविक यात्री हैं जोकि टिकट लेकर चलना चाहते हैं वे सुविधा पूर्वक अपना टिकट खरीद सकेंगे और जो बिना टिकट यात्रा है वह भी सीमित मात्रा में ही रह जायेगी । इसलिए इस बात पर अवश्य मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिए । यह बात केवल मात्र आश्वासन ही न रह जाये बल्कि वास्तव में टिकट खिड़कियां बढ़ाई जानी चाहिए और हर स्टेशन को यह आदेश दिये जाने चाहिए कि ट्रेन आने से काफी समय पूर्व टिकट बांटने शुरू किए जायें ।

